# स्काउट गाइड सप्त दिवसीय कार्यक्रम बैच 2025–2026 (28–08–2025 से 03–09–2025)

स्काउट–गाइड कैंप का आयोजन 28 अगस्त से 3 सितम्बर 2025 तक डायट चढ़ीगाँव पौड़ी में किया गया। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे सभी प्रशिक्षक, शिक्षक और विद्यार्थी mp हॉल में एकत्रित हुए जहाँ दिनचर्या कर्तव्य-विभाजन और निर्देश दिए गए। प्रथम दिवस में परिचय, मार्गदर्शन, उद्घाटन कार्यक्रम और सात टोली बनाकर प्रत्येक में एक टोली-नेता एवं सहायक नेता चुना गया।

प्रतिदिन की शुरुआत प्रार्थना ध्वज-वंदन और दैनिक निर्देशों से हुई। विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड के मूल मूल्य, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व, स्वच्छता, सेवा-भाव और देश भक्ति के बारे में विस्तार से समझाया गया। मैदान में मार्च-पास, ध्वज संचालन, टोली व्यवस्था और अनुशासन संबंधी नियमों का अभ्यास कराया गया।

**टोलीवार कर्तव्य निर्धारित किए गए जैसे—**



- ध्वज समारोह
- कक्षा व्यवस्था
- भोजन व पानी वितरण
- कैम्प फायर तैयारी
- स्वच्छता व्यवस्था
- सुरक्षा एवं निरीक्षण कार्य
- दिन-प्रतिदिन की समीक्षा

कक्षाओं में विद्यार्थियों को स्काउटिंग का इतिहास, टोली व्यवस्था, आपातकालीन सहायता (फर्स्ट एड), गाँठों के प्रकार और नेतृत्व कौशल सिखाए गए। गीत, प्रार्थना और

ज्ञानवर्धक खेलों ने प्रशिक्षण को रोचक बनाया। प्रतिदिन चाय, भोजन और विश्राम का समय तय अनुशासन के साथ पूरा किया गया।

विद्यार्थियों ने सामुदायिक व सामाजिक विकास आधारित गतिविधियों में भाग लिया—स्वच्छता, शारीरिक फिटनेस, टीम निर्माण और सांस्कृतिक सहभागिता। प्रशिक्षकों ने प्राथमिक उपचार, अचानक दुर्घटनाओं में क्या करें और धैर्यपूर्वक समस्या समाधान के तरीके सिखाए। विभिन्न प्रकार की उपयोगी गाँठें, बैंडेज और उनकी वास्तविक परिस्थितियों में उपयोग की जानकारी दी गई।



कैम्प का सबसे आनंददायक कार्यक्रम कैम्प फायर रहा, जिसमें सभी टोलियों ने गीत, नृत्य, नाटक और प्रस्तुतियाँ दीं। इससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और समूह-समन्वय का विकास हुआ।

सामान्य कार्यक्रम—ध्वज-वंदन, गीत और कौशल अभ्यास—के साथ सभी टोलियों ने अपने दायित्व निभाए। पुनरावृत्ति सत्र में संकेत, नियम और सुरक्षा-ज्ञान आदि सिखाए गए। शाम का कैम्प फायर ऊर्जा और उत्साह से भरा था।

अंतिम दिवस पर धन्यवाद एवं समापन समारोह आयोजित हुआ। सभी प्रशिक्षकों द्वारा प्रार्थना, स्काउट नियमों का पाठ और समापन गतिविधियाँ सम्पन्न कराई गईं।

प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रशंसा प्रदान की गई। विशेष शपथ ग्रहण हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन, सेवा-भाव व राष्ट्र-निष्ठा का संकल्प लिया।

**अंतिम सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैंप से—**

- टीम भावना
- नेतृत्व कौशल
- जिम्मेदारी का भाव
- सेवा और सहयोग की आदत
- आत्मविश्वास
- जीवन-कौशल

का विकास हुआ।

## निष्कर्ष:

यह सात दिवसीय स्काउट–गाइड कैंप विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। इससे उनमें अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की मजबूत नींव विकसित हुई।

